प्रैस नोट

30 सितम्बर 2018 को अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ (पंजी) के राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री यशपाल पांचाल द्वारा विराट संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक पश्चिम विहार दिल्ली में आयोजित की गयी ! सर्वसम्मति से श्री कालूराम पांचाल को बैठक का अध्यक्ष चुना गया ! बैठक के प्रथम सत्र में महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली तथा अन्य राज्यों से आये प्रतिनिधियों ने अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ (पंजी) के दिवंगत राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व श्री रामेश्वर सोनी पांचाल जी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा श्रद्धांजलि सभा में सोनी जी के साथ बिताये अपने अनुभवों को साझा किया ! बैठक में स्व रामेश्वर सोनी पांचाल जी के सुपुत्र श्री रामचंद्र सोनी जी की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही तथा उन्होंने अपने संबोधन में श्रद्धांजलि सभा में आये सभी प्रतिनिधियों का धन्यवाद किया ! दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि के बाद बैठक पुन: शुरू हुई !

बैठक के दूसरे सत्र में संगठन और भावी योजनाओं के बारे में चर्चा की गयी ! यशपाल पांचाल द्वारा विराट संघ के संविधान और भावी योजनाओं के विषय में विस्तार से प्रकाश डाला गया तथा राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री ने बताया कि विराट संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निधन से रिक्त हुए पद पर नये अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी आवश्यक है क्योंकि राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद रिक्त नहीं रहना चाहिए ! श्री आत्माराम पांचाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए श्री कान्तिभाई एम पांचाल, वरोदा, गुजरात के नाम का प्रस्ताव रखा ! सर्व श्री नाथाभाई पांचाल, वेदपाल पंचाल, राम निवास(रामू) पांचाल, मुकेश आर पांचाल, बंसीलाल शर्मा, रमेशभाई धनजी भाई पांचाल, जी पी विश्वकर्मा, युवा नेता प्रीत पांचाल व अमित पांचाल , बलवान पांचाल, वी के विश्वकर्मा तथा बैठक में उपस्थित सभी विश्वकर्मा बंधुओं ने एकमत से प्रस्ताव का समर्थन किया ! बैठक में सर्व श्री रमेश विश्वकर्मा, दिवाकर विश्वकर्मा , अरविन्द

भाई पांचाल, हीरामन पुंडलिक जाधव, मुरारी लाल पांचाल, वीरेंद्र पांचाल, लेखराज पांचाल, सिंघराज पांचाल, उमाशंकर विश्वकर्मा, सुनील विश्वकर्मा, सरदार सुरजीत सिंह जोवन, इन्द्रपाल जांगरा, प्रधान बलवीर पांचाल , हुकम चंद, बी बी भंवरा, हरस्वरूप पांचाल, जुगमिंदर पांचाल, महेश चंद पांचाल, चंद्रकांत डी गवली, संजय माधव राव शिंधे आदि की उपस्थिति दर्ज की गयी !

नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कान्तिभाई एम पांचाल ने अपने संबोधन में विश्वास दिलाया कि सभी को साथ लेकर चलेंगे और स्व श्री रामेश्वर सोनी पांचाल के द्वारा प्रतिपादित रास्ते पर चलने की पूरी कोशिश करेंगे ! अध्यक्ष द्वारा पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा भी की गयी तथा विश्वास दिलाया की जल्दी ही आम सहमति से नयी कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा तथा विराट संघ को नयी दिशा दी जायेगी ! बैठक के अध्यक्ष श्री कालूराम पांचाल द्वारा धन्यवाद करने के बाद बैठक की कार्यवाही संपन्न हुई !

यशपाल पांचाल
राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री